तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 3 मई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 रेलवे स्टेशन परिसर में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार से बढ़ी परेशानी



## खबर संक्षेप

### मतदान केंद्रों पर व्यवस्था को लेकर बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कोरिया विनय लंगेह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने ग्राम पंचायत सचिवों की अतिआवश्यक बैठक जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभाकक्ष में 3 मई को प्रातः समय 11 बजे आहूत की गई है। लोकसभा संसदीय क्षेत्र 4 कोरबा में सभी मतदान केन्द्रों में 7 में मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होना है। मतदान केन्द्रों में मतदान दिवस के एक या दो दिन पहले मतदान दलों का आगमन होगा। मतदान दलों एवं मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधा जैसे छाया, पीने का पानी, कूलर, पंखे, मतदान केन्द्र में अस्थाई बाउंड्री वॉल, पर्याप्त टेबल, कुर्सी की व्यवस्था, शौचालय, मतदाता स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र मतदाता आश्रय, विद्युत व्यवस्था, ट्राईसाईकिल की उपलब्धता, मधुमक्खी का छत्ता हटाना आदि तैयारी को लेकर समीक्षा की जाएगी।

### 9 वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 17 तक

**बैकुण्ठपुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन मंगाए गए हैं। ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 मई की रात्रि 12 तक नियत किया गया है। ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 18 मई तक किया जाएगा। प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा तिथि 9 जून निर्धारित है।

### प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 9 जून को

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित आवासीय विद्यालय में कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन फार्म भरने की प्रक्रिया जारी है। इसमें जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र करने की अनिवार्यता नहीं है। अतः कोई भी विद्यार्थी व अभिभावक चिकित्सा प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अनावश्यक परेशान न हो। प्रवेश परीक्षा में चयन होने के पश्चात जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 मई की रात्रि 12 बजे तक, ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रृटि सुधार 18 मई की रात्रि 12 बजे तक, प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 9 जून की प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक है।

### मजदूर दिवस सिर्फ रस्म बनकर रह गयाः श्याम

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ के वार्ड 7 के पार्षद श्याम सुंदर पोद्दार ने मजदूर दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह सही है जिस इमारत पर, जिस इमारत के कंगूरे को देखकर हम नाज करते हैं, उसी की नींव पर मजदूरों का पसीना बहा होता है। मजदूर दिवस पर लोग बधाई देकर मजदूरों के मसीहा बनने का प्रयास कर रहे हैं। चुनावों में, रैलियों में धनबल से मजदूरों को लाकर सभाओं में भीड़ दिखा मजदूरों को भरी तपती गर्मी में भूखे-प्यासे रख उनकी मानवता को शोषण करने वाली पार्टियां-सरकारें मजदूरों की सुध लेने को नहीं सोचती, वे लोग जो मजदूरों की भीड़ से सरकार बनाने, विधायक बनने, सांसद बनने का सपना देखते हैं, वे उन मजदूरों की पीड़ा को समझने का प्रयास कभी नहीं करते। यही मजदूर पसीना बहाकर, हल चलाकर, अनाज उगाता है, तपती धूप में इंट बनाता है, हमारा मकान बनाता है। आज उनका आत्म सम्मान दिवस है। बढ़ती महंगाई पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों को उत्साह से दूर कर दिया है। मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ रस्म बनकर रह गया है।



---

### होम वोटिंग दल पहुंच रहे निर्धारित घर

# 96 वर्षीय बुजुर्ग ने किया घर पर मतदान



मतदान करते बुजुर्ग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

होम वोटिंग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट ने हरी झंडी दिखाकर दवस सुबह मतदान दल को रवाना किया। 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर में ही मत के अधिकार की सुविधा मिले, इसके लिए तय रूट के अनुसार जिला संयुक्त कार्यालय से होम वोटिंग का दल गाड़ी से रवाना हुई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू की गई।

इस अभिनव पहल का हिस्सा बनने के लिए मतदान दल रवाना हुए और जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर अंतर्गत ब्लॉक खड़गवां चनवारीडांड़ में रामसिपाही पाण्डेय के निवास स्थान पहुंचे। जहां बेसब्री से रामसिपाही पाण्डेय का परिवार मतदान दल की प्रतिक्षा कर रहा था। 96 वर्षीय रामसिपाही पाण्डेय अपने मत के अधिकार का प्रयोग करने के लिए तैयार बैठे थे। रामसिपाही पाण्डेय चनवारीडांड़ स्थित महामाया मंदिर के पुजारी भी है।

### 97 वर्षीय मतदाता ने किया मतदान

**बैकुण्ठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के हर एक नागरिक को मतदान में शामिल होने एवं लोकतंत्रात्मक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रारंभ की गई है, जिसका लाभ शारीरिक असमर्थता एवं वृद्धावस्था के कारण मतदान केन्द्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ अनेक बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को मिल रहा है। इस सुविधा के द्वारा वे अपने घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग आसानी से कर पा रहे हैं। कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड खड़गवां के चिन्हांकित बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं द्वारा भी होम वोटिंग किया गया। होम वोटिंग कराने के लिए नियुक्त मतदान अधिकारी उनके घरों में पहुंचे। मतदान अधिकारियों को अपने घर में देखकर मतदाताओं सहित उनके परिजन ने खुशी जाहिर की। खड़गवां निवासी 97 वर्षीय राजेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि वोट देकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है। उन्हें होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी जिम्मेदारी निभाने का मौका मिला, इसके लिए उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।



---

# मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित हो



बैठक लेते कलेक्टर विनय कुमार लंगेह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकसभा निर्वाचन के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने अधिकारियों की बैठक लेकर मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ग्रीष्मकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर प्राथमिक उपचार कीट एवं गर्मी से होने वाले सामान्य बीमारियों से राहत के लिए आवश्यक औषधि, ग्लुकोज, ओआरएस घोल इत्यादि के साथ 1 विभागीय अमला की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, मैदानी अधिकारी-कर्मचारी व एम्बुलेंस को सतर्क रहने के निर्देश दिएं।

कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लू से बचाव के लिए सभी मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ मतदाताओं के लिए शीतल पेयजल के लिए घड़े, सुराही, कूलर, साफ-सुथरे शौचालय, व्हील चेयर, छाया टेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

# अधिवक्ता संघ के विजय अध्यक्ष आशीष सचिव निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ के चुनाव अधिकारी अधिक्ता मनोज त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि निर्वाचन वर्ष 2024 के चुनाव के लिए मतदान संपन्न हुआ। मतदान उपरांत मतगणना की गई।

■ अधिवक्ता संघ का चुनाव

मतगणना में प्राप्त मतों के अनुसार अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिवक्ता विजय मिश्रा को 76 वोट तथा अधिवक्ता सुनील दुबे को 31 वोट, सचिव पद के उम्मीदवार अधिवक्ता आशीष सिंह को 68 वोट एवं राजकुमार गुप्ता को 40 वोट, सहसचिव पद के उम्मीदवार अधिवक्ता राजेश गुप्ता को 47 वोट एवं अधिवक्ता प्रवीण पटेल को 56 वोट तथा कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदार अधिवक्ता कुलदीप जायसवाल को 55 वोट, अधिवक्ता रामकुमार यादव को 2 वोट एवं अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद वर्मन को 45 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता विजय मिश्रा, सचिव पद के लिए अधिक्ता आशीष सिंह, सह सचिव पद के लिए अधिवक्ता प्रवीण पटेल एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता कुलदीप जायसवाल को मतगणना उपरांत विजयी घोषित किया गया, इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता मयंक जैन निर्विरोध चुने गए हैं।

महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता, सांस्कृतिक एवं कीड़ा सचिव कमलेश पाण्डेय, पुस्तकालय प्रभारी यारसाय राजवाड़े तथा कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र तिवारी, श्रीमती परवीन बेगम, जयलाल सिंह करयाम, प्रदीप शर्मा,आलोक अग्रवाल, समयलाल परस्ते निर्विरोध चुने गए हैं।

### मनेन्द्रगढ़ पहुंचे वित्तमंत्री ओपी चौधरी

**एमसीबी।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा द्वारा स्थानीय विमल श्री टॉकीज में व्यवसायिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जिला अध्यक्ष अनिल केशरवानी, मोहन सिंघानिया आदि भाजपा नेता मौजूद रहे। इस सम्मेलन में व्यापारिक संगठन चेंबर ऑफ कामर्स, व्यापारी संगठन कैट के साथ सभी वर्ग के व्यापारी शामिल हुए। इस दौरान वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने जीएसटी संबंधित व्यापारियों के शंका और उनके सवालों का जवाब दिया। आयोजन में सभी व्यापारियों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सम्मेलन भाजपा नेताओं से व्यापारिक हित और व्यापार संबंधित चर्चाएं हुई है, जिस प्रकार से भाजपा की सोच है, वह व्यापारियों के हित में है। जीएसटी से हो रही व्यापारियों के समस्या और उत्पीड़न पर वित्तमंत्री ने अपनी बात रखी, इससे व्यापारी संतुष्ट है।

---

# श्रमिक दिवस पर मतदान करने ली शपथ



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशन में 1 मई अंतरराष्टीय दिवस के अवसर पर जिले के लाखों लोगों ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अपनी सहभागिता के लिए शपथ लिया।

श्रमिक दिवस के अवसर पर मनरेगा में कार्यरत श्रमिकों ने अपने कार्यस्थल पर शपथ लिया, वहीं महिला बाल एवं विकास विभाग ने उत्कृष्ठ श्रमिकों को श्रीफल व कुमकुम टिका लगाकर मतदाताओं का स्वागत किया। स्वास्थ्य विभाग के सफाई कमचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कृषि विभाग के द्वारा ग्राम सिंघत, मंगोरा, मनवारी, डगौरा, जरौंधा, तोलगा, दुगला, केल्हारी, अक्तवार, जोलगी, भरतपुर, कछौड़, चौघड़ा, लालपुर, नगरीय प्रशासन खोंगापानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भरतपुर, श्रम विभाग द्वारा चावड़ी हजारी होटल, शिवपुर, कदरेवा, छोटेकलुआ,कलेक्ट्रेट परिसर, कोटया, उद्यान विभाग द्वारा चिरमिरी में, कलुआ, नवीन कृषि केन्द्र पोड़ी, स्वास्थ्य विभाग परसगढ़ी, आमाडांड़ पीपरबहरा, पिपरीया, बेलबहरा, पहाड़वाही, उजियारपुर, मुकुंदपुर, नगर निगम चिरमिरी, एसपीएम मल्टी स्पेशल हास्पिटल मनेन्द्रगढ़, बौरीडांड़ सहकारी समिति घुटरा, जनपद पंचायत कंजिया, कोटाडोल, महाई, नागपुर, कौड़ीमार, पटमा, झगराखाड़, बड़ी बाजार चिरमिरी, बैंक ऑफ इंडिया, सीटी बैंक एसबीआई मनेन्द्रगढ़, पीएनबी बैंक मनेन्द्रगढ़, पंचायत विभाग, श्रम विभाग, हस्तिनापुर सहित अनेक स्थानों पर 1 अप्रैल को लाखों लोगों ने लोकसभा निर्वाचन में अपना मताधिकार का शत-प्रतिशत योगदान देने के लिए शपथ लिया।

### 1 मई, 1 लाख मतदान शपथ का संकल्प

मनेन्द्रगढ़। जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में जिला स्वीप समिति द्वारा 1 मई को एक लाख मतदान शपथ का संकल्प लिया था, जिसे पूरा करने के लिए 1 मई को पूरे दिन जिले के समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने निर्वाचन संबंधी कार्यों के बीच अपना 100 प्रतिशत सहभागिता देते हुए 1 मई एक लाख मतदान शपथ के अभियान को पूरा करने में सहयोग प्रदान किया, इससे मतदाताओं के बीच निश्चित ही 7 मई को मतदान के प्रति जनजागरूकता का माहौल तैयार हुआ है। 1 मई को जिले के सभी ग्रामों में मनरेगा कार्यस्थल पर मजदूरों द्वारा शपथ लिया गया। इसी कड़ी में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के नवविवाहिताओं को मतदान शपथ दिलाकर नव मतदाताओं का सम्मान किया गया। इसी के साथ कलेक्टर कार्यालय सहित सभी शासकीय कार्यालयों, चिकित्सालयों, उचित मूल्य दुकानों, सहकारी समितियों, बैंकों, उद्योगों, खदानों, बस स्टैंड, सब्जी मंडी, दुकानों, चौक-चौराहों, पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर्स आदि में मतदान शपथ का आयोजन किया गया। मतदान शपथ अभियान में महिला समूहों, स्वच्छग्रही दीदियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

---

# अधिकारी-कर्मचारी लोगों तक पहुंचा रहे मतदान आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



मतदाताओं को आमंत्रण देते अधिकारी-कर्मचारी।

लोकसभा निर्वाचन की सरगर्मी और मौसम का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसी तेजी के साथ ही कोरिया जिले में मतदाता जागरूकता के लिए चलाया जा रहा स्वीप कार्यक्रम अपनी पूरी गति से आगे बढ़ रहा है।

आसन्न लोकसभा निर्वाचन के मतदान तिथि को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की पूरी टीम गर्मी की परवाह किए बिना प्रत्येक कोरियावासी को मतदान का आमंत्रण देने के लिए उनके द्वार तक पहुंच रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्वीप के जिला नोडल अधिकारी व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार स्वीप की अलग-अलग गतिविधियों को निरंतर तेजी से आयोजित किया जा रहा है, इसके लिए गांव-गांव में जन जागरूकता के रथ संचालित किए गए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रत्येक मैदानी अमले को निर्धारित कार्यक्षेत्र में मतदाताओं को आमंत्रण पत्र देने की जवाबदारी प्रदान की गई है। इस तारतम्य में प्रत्येक हाट बाजारों में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व कार्यक्रम अधिकारी के साथ पूरी प्रशासनिक टीम प्रत्येक मतदाता को 7 मई मतदान दिवस में अपने मताधिकार का प्रयोग करने संबंधी आमंत्रण पत्र बांट रहे हैं। नए मतदाताओं के साथ ही पुराने व बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान अवश्य करने का आग्रह किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ श्री चतुर्वेदी ने बताया कि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी मतदान केन्द्र में शत-प्रतिशत मतदान हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। मतदाता पर्चियों के वितरण के साथ ही हाट बाजारों में, घर-घर तक जाकर मतदाताओं को सात मई को ⏭ शेष पेज 4 पर

---



### पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला में प्रगति पत्रक वितरित

**चरचा कॉलरी।** सत्र 2023-24 के अंतिम दिन 30 अप्रैल को विद्यालय का प्रगति पत्रक विद्यार्थियों एवं उनके पालक की उपस्थिति वितरण किया गया। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कार स्वरूप मैडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा पहली में प्रथम कुमारी आरोही मेहरा, द्वितीय कुमारी एंजेल एवं तृतीय स्थान कुमारी अंजली ने प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में प्रथम गोपाल कुमार, द्वितीय नितिन एवं तृतीय स्थान अर्पिता ने प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान सौम्या भारती, द्वितीय कुमारी अंकिता एवं तृतीय स्थान कुमारी सोनम ने प्राप्त किया। कक्षा चौथी में प्रथम कुमारी जैस्मीन, द्वितीय कुमारी सूफिया एवं तृतीय स्थान कुमारी मनीष ने प्राप्त किया। साथ ही कक्षा पांचवी में प्रथम कुमारी अनुष्का, द्वितीय शुभम एवं तृतीय स्थान अंबिका ने प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल संस्था के द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया।

---

### संवेदनशील एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों में भ्रमण

# बड़ेसाल्ही एमसीबी नाका का आईजी ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बैकुंठपुर और सोनहत क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर होने वाले मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस कार्य कर रही है।

इसी के तहत गुरूवार को पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग बड़ेसाल्ही एमसीबी नाका का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उन्होंने ड्यूटीरत अधिकारियों व कर्मचारियों से आदर्श आचार संहिता के दौरान सुरक्षा जांच में बरते जाने वाली आवश्यक सावधानियों सहित चेक पोस्ट में सुरक्षा जांच के दौरान अन्य प्रांतों एवं जिलों से आने वाले वाहनों का नंबर, वाहन चालक का नाम एवं पहचान दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियों को रोकने सख्त निर्देश दिए गए हैं, इसके अतिरिक्त दीगर क्षेत्रों से जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करने के हिदायत दी गई है। साथ ही तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्क रहकर सुरक्षा जांच करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में स्पष्ट हिदायत दी गई है कि किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए एवं किसी प्रकार की वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार भी उपस्थित रहे। लोकसभा चुनाव के लिए जिले में केन्द्रीय पुलिस बलो को तैनात किया गया है, इनके द्वारा जिलेभर के संवेदनशील एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों में भ्रमण एवं एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई की जा रही है। केन्द्रीय पुलिस बलों के द्वारा दुरस्त जंगली इलाकों के मतदान केन्द्र सलगवांखुर्द, आनंदपुर, धनपुर, दसेर, गोयनी, कछुआखोह, तुर्रीपानी, सिंघोर, कुर्थी, उधैनी, सेमरिया, सुकतरा, कचोहर, निगनोहर, हरीडीह, कॉटो, चंदहा, गिधेर, देवतीडांड़, शेराड़ाड़, कुर्थी, रेवला, मझगवांखुर्द, भगवतपुर, रजपूरी, बंशीपुर, कदना, पलारीडांड़, ठकुरहत्थी, बेलार्ड, राउत सरई का भ्रमण किया जा रहा है। बैकुंठपुर, चरचा, पटना के क्रिटिकल एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का भी भ्रमण कर वाहन चेकिंग निरंतर किया जा रहा है।



निरीक्षण करते पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग।



वाहनों की जांच करते पुलिस कर्मी।

---

### श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव 3 मई आरंभ होगा। श्री श्याम मित्र मंडल ने क्षेत्र के समस्त धर्म अनुरागीजनों से उपरोक्त दो दिवसीय आयोजन में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है। श्री श्याम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का एक वर्ष पूर्ण होने पर दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की शुरूआत 3 मई को प्रातः 8 बाबा की अलौकिक श्रृंगार आरती से होगी, इसके उपरांत संक्षिप्त श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन होगा। ज्योति पाठ के उपरांत प्रातः 10 बजे खाटू नरेश श्री श्याम बाबा को 56 भोग लगाकर प्रसाद वितरण होगा। शाम 4 बजे से श्रीराम मंदिर से भव्य निशान यात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। निशान यात्रा के उपरांत रात्रि 7 बजे बाबा की महाआरती एवं भोग भंडारा का आयोजन होगा, इसके साथ ही रात्रि 8 बजे से श्री श्याम मंदिर परिसर में श्री श्याम भजन का आयोजन किया जाएगा। इस भजन संध्या में जयपुर से अभिषेक नामा एवं बिलासपुर से नेहा पांडे अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजन के दूसरे दिन 4 मई शनिवार को श्याम के लीले घोड़े भजन समिति द्वारा रात्रि 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।



## लगी आग को बुझाने के लिए फायर वाचर का उपयोग नहीं

# आग की लपेट में बादलखोल अभयारण्य, नींद में है विभाग


जंगल में आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


नारायणपुर के समीप जशपुर जिले का एक मात्र बादलखोल अभ्यारण के जंगल आज कल आग की लपेट मे है।

बादलखोल अभ्यारण के शाहीडांड से बंच्छराव जानेवाले मार्ग पर दहकुतला के किनारे दिन में ही आग धधक रही है। अभ्यारण के कर्मचारी दिन में लगी आग के बुझाने में सक्षम नहीं है तो अंदाजा लगाया जा सकता है की रात में लगाने वाली आग को बुझाना कैसे संभव हो पाएगा। अभ्यारण में तैनात कर्मचारी दिन रात गस्ती करने का दम भरते दिखाते है। लेकिन सड़क के किनारे लगी आग भी उनकी आंखों से ओझल कैसे हो जाते है। या तो कर्मचारी इसे अनदेखा करते है या जंगल में लगानेवाली आग उनके लिए कोई मायने नहीं रखती है।शासन प्रशासन जंगलों को आग से बचाने के लिए लाखों करोड़ों खर्च करती है। लाखो का उपकरण फायर वाचर दिया जाता है ताकि आग लगाने पर काबू पाया जा सके। परंतु दिन में लगी आग को बुझाने के लिए फायर वाचर का उपयोग नहीं किया जाता है क्यों?। अभ्यारण में रहने वाले वनवासी या आसपास के ग्रामीणों से तालमेल नहीं रखना भी आग लगाने के कारणों में से एक है जब ग्रामीणों द्वारा कर्मचारियों को आग लगाने की सूचना दी जाती है तो कर्मचारियों का अनदेखा किया जाना जंगल के सफाया का ये भी एक कारण है। अगर इसी तरह जंगलों का सफाया होयता रहा तो तो हम आने वाली पीढ़ी को केवल तस्वीरों में ही जंगल दिखा पाएंगे। देखना है विभाग कुंभकर्णी नींद से कब जगती है ताकि जंगलों को आग से बचाया जा सके बचाया जा सके।

## ये आग कब बुझेगी, धधक रहा जंगल

**जशपुरनगर।** जैसा कि शीर्षक से ज्ञात हो रहा है की जिले के जंगलों में लगाने वाली आग कब तक बूझेगी ये तो आज तक कोई नही बता पा रहा है। जंगलों में लगाने वाली आग से पूरे जिले के जंगल धधक रहें है। जंगलों के धधकने के कारण जशपुर, सन्ना, पंडरा पाठ जैसे पहाड़ी जंगली इलाकों में भी तापमान बढ़ने के कारण भभकने की स्तिथि में आता जा रहा है। हरिभूमि ने जब जिले के जंगलों में जमीनी स्तर पर खोजबीन और जांच पड़ताल करने का प्रयास किया तो लगभग हर वन परिक्षेत्र की स्तिथि एक जैसी ही है। जशपुर से लेकर मनोरा, घाघरा, सोनक्यारी, सन्ना और पंडरा पाठ सभी जगह जंगलों में आग लगी हुई है। खास बात यह है की आग सड़क के किनारे ही लगी है जो की रास्ते पर चलते हुए ही नजर आ रहा है। अगर आग जंगलों के बीच लगेगी तो कैसे बुझेगीं ये विचारणीय प्रश्न है। स्थानीय लोग वनोपज की चाह में बेधड़क जंगलों में आग लगा रहें है। कुछ लोग महुआ के फूल तो कुछ सरई बीज की चाह में जंगलों में आग लगाते है। ग्रामीणों का सोचना हैं की आग की तपस से जमीन मे पड़ने वाली दरार में पुटू पड़ा होता है। जिस कारण जंगल में आग लगाई जाती है। ग्रामीणों में जंगल को बचाने के लिए जागरूकता की जरूरत है।

***जंगल में आग लगाने जैसे अपराध पर क्या है कानूनी सजा*** : जंगल में आग लगाते हुए पाए जाने पर कानूनी रूप से तीन साल तक की सजा हो सकती है। साथ ही 25000 हजार रुपए का जुर्माना हो सकता है। वैसे ही आग लगाने वाले या आग लगने की सूचना देने वाले को 1500 से 2000 रुपए का इनाम दिया जाता है।



### जंगल को आग से बचाने पूरी कोशिश

विभाग जंगल में लगने वाली आग से वनों को बचाने का पूरा प्रयास कर रहा है। हमारे पास उपलब्ध संसाधनों को पूरी तरह झोंक दिया गया है। ताकि जंगलों को लगाने वाली आग से बचाया जा सके। विभाग द्वारा ग्रामीणों को भी वन प्रबंधन समिति के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है जिससे जंगल में ग्रामीणों द्वारा आग न लगाया जाए। ग्रामीणों को यह समझने का प्रयास किया जा रहा है की जंगल में आग लगना दंडनीय अपराध है। जंगलों को आग से बचाने के लिए हमारे द्वारा हर बिट में एक वन रक्षक और एक फायर वाचर दिया गया है 28 से 30 लोगो की टीम बनाकर जंगलों की रक्षा की जा रही है। जिले में 40 ब्लोवर दिया गया है।

**जितेंद्र उपाध्याय**, डीएफओ जशपुर

# वनांचल क्षेत्र में 70 वर्षीय वृद्ध महिला की हत्या, तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुदूर वनांचल क्षेत्र में एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला की अज्ञात व्यक्ति ने पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया है। हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची थी और मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। फिलहाल हत्या की वारदात को किसने और क्यों अंजाम दिया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। एक संदिग्ध का नाम सामने जरूर आया है। जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है। जिसके पकड़े जाने के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा कि उसने आखिर वृद्ध महिला की हत्या क्यों और किसलिए की है।

### खास बातें

- श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम छिरहुट में कल देर रात हुई थी घटना
- उपचार के दौरान जिला अस्पताल में हुई मौत, आरोपी की खोजबीन में जुटी पुलिस

मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र श्यांग थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम छिरहुट में निवास करने वाली 70 वर्षीय वृद्ध महिला इतवारी बाई पति स्वर्गीय मंगल साय को मंगलवार की रात लगभग 8 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीट-पीटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। बताया जाता है कि गंभीर स्थिति में पूरी रात महिला घर में ही पड़ी रही। जब अगले दिन बुधवार की सुबह उसके परिजनों को इसकी भनक लगी तो उसे आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान इतवारी बाई की मौत हो गई है। इतवारी बाई की हत्या किसने और क्यों की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि जांच के दौरान पुलिस को धोबीराम नामक युवक पर पुलिस को संदेह है कि उसने इतवारी बाई नामक महिला की हत्या की है। फिलहाल पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी हुई है। जिसे हिरासत में लिए जाने के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि आखिर इतवारी की हत्या किसने और क्यों की है।

### छत पर सो रहा था युवक, गिरने से हुई मौत

**कोरबा।** एक 30 वर्षीय युवक गर्मी से बचने के लिए अपने घर के रेलिंगविहीन छत पर सोया हुआ था। जहां नींद में सोने के दौरान उसने करवट लेने की कोशिश की और सीधे छत से नीचे आ गिरा। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पहंदा की है। यहां निवास करने वाले गणेश कंवर 30 वर्ष पिता हरिहर सिंह मंगलवार की रात भोजन के उपरांत अपने घर के रेलिंगविहीन छत पर सोया हुआ था। जहां देर रात को करवट लेने के दौरान गणेश कंवर सीधे छत से नीचे जमीन पर आ गिरा। उसके नीचे जमीन पर गिरते ही उसकी तेज आवाज सुनकर परिजन जाग उठे और आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान गणेश कंवर की मौत हो गई।

# जुआ व आर्म्स एक्ट के 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।


जब्त किए गए सामान।

जिला पुलिस जशपुर द्वारा विशेष अभियान चलाकर जुआ एवं आर्म्स एक्ट के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पहले प्रकरण में थाना फरसाबहार क्षेत्र के मटपहाड़ में जुआ खेलने की शिकायत प्राप्त हो रही थी। 01-02 मई के मध्य रात्रि में इन्वर्टर बल्ब जलाकर जुआ खेले जाने की सूचना मुखबिर से प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा तत्काल थाना प्रभारी बागबहार एवं चौकी प्रभारी कोतबा के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

- **थाना बागबहार के मटपहाड़ में चल रहे जुए के बड़े फड़ पर छापा मारकर 5 आरोपी व थाना कुनकुरी में पिस्टल रखकर घूम रहे 1 आरोपी को किया गया गिरफ्तार**

निर्देश के परिपालन में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये गए मटपहाड़ नामक गांव में पहुंचकर इन्वर्टर बल्ब जलाकर जुआ खेलते पाये जाने पाये पर फड़ की घेराबंदी कर दबिश देकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जुआ का नगदी रकम, मोबाईल, वाहन, ताश-पत्ती, बल्ब इत्यादि जप्त किया गया। कुछ आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग गये। पुलिस द्वारा आरोपी 1-जनक यादव उम्र 65 साल निवासी मटपहाड़, 2-बरत राम नाग उम्र 30 साल निवासी बगईझरिया, 3-राजेन्द्र चौहान उम्र 43 साल निवासी बहमा थाना लैलुंगा, 4-अरविंद यादव उम्र 32 साल निवासी बहमा थाना लैलुंगा, 5-घनश्याम यादव उम्र 25 साल निवासी छातासरई का कृत्य धारा 3(2) जुआ एक्ट का पाये जाने से उक्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। पुलिस द्वारा आरोपियों से कुल नगदी रकम 29,150 /- (उनतीस हजार एक सौ पचास रूपए), 05 नग मोबाईल, 03 मोटर सायकल, इन्वर्टर बल्ब एवं 52 ताश-पत्ती जप्त किया गया है।

प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी बागबहार निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, उप निरीक्षक समरेन्द्र सिंह, अरविन्द साय पैंकरा, वीरेन्द्र सनमानी, सुखदेव सिदार, कोसमोस तिर्की, दिनेश यादव, घनश्याम प्रजापति, बूटा सिंह, पंकज तिर्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दूसरे प्रकरण में मुखबिर से थाना कुनकुरी को सूचना मिली कि बस स्टैंड कुनकुरी में एक व्यक्ति अवैध रूप से पिस्टल अपने पास रखा है। पिस्टल को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। इस सूचना पर तत्काल थाना कुनकुरी स्टॉफ ने रेड कार्रवाई करते घेराबंदी कर मुखबिर के बताए स्थान पर आरोपी को सुलभ शौचालय के पास छिपते दिखा जिसे घेराबंदी कर संदेही अभियुक्त केदारनाथ यादव को अभिरक्षा में लेकर उसका तलाशी ली गई।

पूछताछ एवं तलाशी दौरान उसके कब्जे से 1 देशी कट्टा, 5 नग कारतूस, मोबाईल 1 नग कीमती 4 हजार रू.,1 नग मोटर सायकल कीमती 30 हजार रूपए इत्यादि मिलने पर जप्त किया गया। पूछताछ में केदारनाथ यादव ने पिस्टल को एक व्यक्ति के द्वारा उसे देना बताया गया है, इस संबंध में बारीकी से जाँच की जा रही है।

### छानबीन जारी

आरोपी केदारनाथ यादव के पास पिस्टल कैसे आया, इस संबंध में गहन छानबीन की जा रही है, इस संबंध में आने वाले दिनों में खुलासा किया जायेगा। जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

**शशि मोहन सिंह** पुलिस अधीक्षक जशपुर

आरोपी केदारनाथ यादव उम्र 36 साल निवासी खुटसेरा गंझियाडीह थाना तुमला का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट का पाये जाने पर उसे 2 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक मल्लिका बनर्जी, उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर, छविकांत पैंकरा, सुदर्शन साय पैंकरा, शिवपूजन साय, हरिनंदन साय, आलोक मिंज, सुरेश एक्का, अमित एक्का की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# यूपी से आकर गद्दे में कपड़ा बेचने वाले ने शुरू कर दिया जिस्मफरोशी का धंधा, खरीद लिया आलीशान मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सैक्स रैकेट के मामले में पकड़ा गया सरगना दलाल यूपी से शहर आकर गठ्ठे में कपड़ा बेचता था, फिर उसने जिस्म फरोशी का धंधा शुरू किया और रातोंरात मालामाल हो गया, दलाल ने घुरू में मकान खरीदने के अलावा स्विफ्ट डिजायर कार भी खरीद लिया। पुलिस ने दलाल सहित 11 युवकों व 5 महिलाओं को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

मंगलवार को एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सिविल लाइन सीएसपी उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में अमेरी गोकुल पार्क, आसमां सिटी, सांई अपार्टमेंट में दबिश देकर बड़े सैक्स रैकेट का पर्दाफाश किया गया था। पुलिस ने सरगना दलाल घुरू गोकूल पार्क कालोनी निवासी रुखसार अहमद उर्फ जावेद पिता सलीम अहमद सहित 11 युवकों व 5 महिलाओं को पकड़ा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी दलाल रूखसार अहमद उर्फ जावेद मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। 16 साल पहले वह शहर आया आया था और किराए के मकान में रहकर कोलकाता से कपड़ा लाकर शहर में बेचने का काम करता था। कोलकाता आने जाने के दौरान उसकी देह व्यापार करने वाली महिलाओं से जान पहचान हो गई। विगत चार साल से वह कोलकाता व शहर की महिलाओं का ग्रुप बनाकर गोकुल पार्क, आसमां सिटी, सांई अपार्टमेंट में मकान किराए में लेकर महिलाओं को रखकर जिस्म फरोशी का धंधा कर रहा था।

## मासूम की मौत के मामले में मां को सात साल की कैद

**कोरबा।** लगभग तीन वर्ष पूर्व तीन वर्षीय मासूम दूध पीने के लिए अपने माँ से जिद कर रहा था। इसी दौरान आवेश में आकर माँ ने अपने मासूम बच्चे को फर्श पर पटक दिया था, जिससे मासूम की मौत हो गई थी।

इस मामले में माँ के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर महिला को धारा 304 भाग 2 के तहत सात साल सश्रम कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामला बालको थाना क्षेत्र के सेक्टर 5 की है। यहां निवासरत पी परमिला राव 32 वर्ष पति पी रामचंद्र ने 22 सितंबर 2021 को अपने तीन वर्षीय मासूम पुत्र सांई उर्फ सात्विक जब दूध पीने का जिद्द कर रहा था तो परमिला राव ने अपने पुत्र को फर्श पर पटक दिया था, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसे परिजन उपचार के लिए बालको अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया था।

जहां पुलिस ने मां परमिला राव के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में पेश किया था, जहां मामले की सुनवाई हुई और परमिला राव के खिलाफ धारा 304 भाग 2 के तहत दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 7 वर्ष सश्रम कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल प्रसाद श्रीवास ने पैरवी की।

## घुटनों का सफल आपरेशन करने वाला राज्य का बना दूसरा चिकित्सालय

# मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने वृद्धा के घुटनों का किया सफल प्रत्यारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


सफल ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों की टीम।

मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने वह करिश्मा कर दिखाया, जिसकी उम्मीद किसी को नही थी। उन्होंने सीमित संसाधन के बीच लगभग ढाई घंटे के आपरेशन के बाद वृद्धा के घुटने को बदल डाला, जिससे खुद को लाचार महसूस करने वाली वृद्धा चलने-फिरने के काबिल हो गई है। यह कामयाबी गरीब तबके के मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नही है। खास बात तो यह है कि राजधानी के बाद कोरबा का मेडिकल कॉलेज घुटना प्रत्यारोपण करने वाला दूसरा चिकित्सालय बन गया है।

बताया जा रहा हैं कि बालको क्षेत्र में लक्ष्मीन बाई नामक 60 वर्षीय महिला परिवार के साथ निवास करती है। वह लंबे अर्से से घुटने के दर्द से जुझ रही थी। परिजनों ने कई स्थानों पर घुटने का उपचार कराया लेकिन परेशानी कम नही हुई। धीरे- धीरे वृद्धा को चलने-फिरने में भी तकलीफ होने लगी। उसकी बढ़ती परेशानी देख बीते दिनो इलाज के लिए परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले आए। जहां परिजनों की मुलाकात अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. घनश्याम दिवान से हुई। उन्होंने वृद्धा के घुटने का बारिकी से निरीक्षण किया। इसके लिए एक्स-रे सहित कुछ अन्य जांच भी कराए गए। इस दौरान पता चला कि उसके दोनों पैर का घुटना पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके है। जिसका एकमात्र उपचार घुटना प्रत्यारोपण है जिसका खर्च महज पांच रूपया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. घनश्याम दिवान ने बताया कि घुटना प्रत्यारोपण बेहद ही जटित उपचार है। इस पर निजी अस्पताल में करीब तीन लाख रूपए तक खर्च आ सकता है, जबकि महिला के दाहिने पैर का घुटना प्रत्यारोपण महज पांच रूपए में किया गया है। इस तरह के उपचार आने वाले दिनों में भी किए जाएंगे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अस्थि रोग विशेषज्ञ और उनकी टीम ने घुटने का सफल प्रत्यारोपण किया। संभवतः रायपुर के बाद कोरबा मेडिकल कॉलेज घुटना प्रत्यारोपण करने वाला दूसरा अस्पताल है। इससे पहले कुल्हा प्रत्यारोपण भी किया गया है। घुटने का सफल प्रत्यारोपण होने के बाद वृद्धा को चलने-फिरने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

## स्काउट्स-गाइड्स का रक्तदान शिविर



**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, द्वारा मैं रक्तदान करूंगा, मैं मतदान करूंगा थीम के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जिस तरह रक्तदान आवश्यक है उसी तरह मतदान आवश्यक है यह बताना था। शासकीय मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर में शाम 4 बजे तक 22 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। शिविर का शुभारंभ 18 साल के युवा वोटर एवं रोवर थॉमस मार्टिन के रक्तदान से हुआ। थॉमस ने पहली बार रक्तदान किया और वे 7 मई को पहली बार मतदान करेंगे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य समन्वयक (मेंबरशिप ग्रोथ) तथा जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने 21वीं बार रक्तदान किया। सहायक राज्य आयुक्त (गाइड) एवं गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य ने तीसरी बार रक्तदान किया। ब्लड बैंक प्रभारी डा. जीएस जात्रा ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने इस हेतु पूरी टीम का आभार जताया।

### खबर संक्षेप

## परीक्षा परिणाम हुआ घोषित, किया पुरस्कृत

**कोरबा।** माध्यमिक शाला आमापाली संकुल तिलकेजा विकासखंड कोरबा में 30 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसकी घोषणा राज्यपाल पुरूस्कृत शिक्षक मुकुन्द उपाध्याय द्वारा की गई। संस्था की प्रधानपठिका श्रीमती शेख के हाथों से प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अंकसूची देते हुए बधाई दी गई। शिक्षक मुकुन्द उपाध्याय ने कहा कि बच्चें 1 मई से लेकर 18 जून तक विद्यालय के सभी बच्चे गर्मी छुट्टी पर घर में ही रहकर पुरानी कॉपी के बचे पन्नों को एकत्र कर रफ कॉपी बनाएं व प्रतिदिन 2 से 20 तक पहाड़ा लेखन करेंगे। दो पेज नकल लिखेंगे व नियमित पुस्तक पाठन अभ्यास करेंगे और 19 जून को आप सभी बच्चे हमसे कॉपी चेक कराएंगे और जो बच्चें 1 मई से लेकर 18 जून तक नियमित गृह कार्य अभ्यास किये रहेंगे उन तीन सबसे सुंदर लिखावट,वाले बच्चो को मेरे द्वारा एक एक कम्पास,पेन पुरुस्कार दिया जायेगा।

## बीकन इंग्लिश स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**ढेलवाडीह।** बीकन इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल ढेलवाडीह का नर्सरी से कक्षा 9 तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता राय ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में नर्सरी प्रथम-दिव्यांश महंत 99.7 प्रतिशत, द्वितीय-इंग्लिश बघेल 98.2 प्रतिशत, तृतीय- ख्याति पटेल 95.7 प्रतिशत, प्रेप-1 प्रथम-दामिनी कश्यप 98.2 प्रतिशत, द्वितीय-अभ्यांश राठौर 96 प्रतिशत, तृतीय अपेक्षा सिंह 95.3 प्रतिशत, प्रेप-2-प्रथम चारुश्री 98.2 प्रतिशत, द्वितीय गौरव यादव 93.6 प्रतिशत, कक्षा 1 प्रथम-युवराज महंत 99.2 प्रतिशत, द्वितीय-नियति निर्मलकर 98 प्रतिशत, कक्षा-2 प्रथम अनिशा साहू 96 प्रतिशत, द्वितीय कल्पना 84.8 प्रतिशत, तृतीय- ज्योति कौर, कक्षा 3 प्रथम-अनंदिता सिंह 95.6 प्रतिशत, द्वितीय आरुषि यादव 86.8 प्रतिशत, तृतीय-अनिशा 84.4 कक्षा9 प्रथम अमन, द्वितीय प्राची राठौर, तृतीय योगिता बनाफर। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा में उच्चतम उपस्थिति पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मीना शर्मा, शीलप्रभा सोना, प्रेरणा तिवारी, बसंती ठाकुर, सृष्टि देवांगन, राजेश राठौर, दिलबोध महंत, सुश्री श्वेता राणा, कुसुम सहिस, अनिता बनाफर, अन्नु मंडल, रामेश्वरी पटेल, श्रीमती गिरजेश्वरी कैवर्त, सीता पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अधिकारी-कर्मचारियों ने डाला डाक मत


**कोरबा।** 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान के दिन जिन सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनके लिए मतदान की प्रक्रिया बुधवार से शुरु कर दी गई है। 6 मई तक उनके द्वारा वोट डाला जाएगा। इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर में उनके लिए वोटिंग की प्रक्रिया शुरु की गई, जिसमें पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने वोड डालकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। हाथों में लगी स्याही दिखाकर उन्होंने बताया कि स्वस्थ्य लोकतंत्र के निर्माण में उन्होंने भी अपनी सहभागिता निभाई है। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में बहुत सारे कर्मचारी वोट नहीं डाल सके थे।

## स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार में पानी की समस्या

**कोरबा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार 10 बिस्तरीय अस्पताल संचालित है। यहां 24 घंटे प्रसव तथा आपातकालीन सेवा उपलब्ध रहती है। अस्पताल में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों का आना-जाना लगा रहता है। साफ सफाई और स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक होता है। पंरतु पानी की कमी के कारण यहां काफी समस्या हो रही है। अस्पताल से महज लगभग 50 मीटर दूरी पर कोयला खदान आ जाने से भूजल स्तर कम हो गया है जिसके कारण बोर सूख गए हैं। कई बार एसईसीएल प्रबंधन को अवगत कराए जाने के बाद भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पानी की समस्या दूर नहीं हो सकी है।

2- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/2/2024 7:57 PM Page 1





# तीस हजारी कोर्ट में होगी 'जॉली एलएलबी 3' की शूटिंग

**मुंबई।** 'जॉली एलएलबी' फ्रेंचाइजी की बहुप्रतीक्षित तीसरी किस्त की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इसी बीच नई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी अगले महीने से शेड्यूल का दूसरा चरण दिल्ली में शुरू करेंगे। 'राष्ट्रीय राजधानी में शूटिंग जून से जुलाई तक 30-40 दिनों तक चलेगी और यह शहर के विभिन्न हिस्सों को कवर करेगी। आउटडोर और इनडोर दोनों शूटिंग ज्यादातर तीस हजारी कोर्ट क्षेत्र के पास निर्धारित हैं। कलाकार मुख्य रूप से कोर्टरूम ड्रामा दृश्यों की शूटिंग के लिए दिल्ली आ रहे हैं। 'जॉली एलएलबी 3' को विभिन्न राज्यों में शूट किया जाना है।

लाइफ Style

# इलियाना

## 'बर्फी' में काम करना पड़ा महंगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हाल ही फिल्म 'दो और दो प्यार' में नजर आईं इलियाना डिक्रूज ने अपने करियर में कई यादगार फिल्में कीं, जिनमें अक्षय कुमार की 'रुस्तम' और रणबीर कपूर की 'बर्फी' शामिल हैं। इन दोनों ही फिल्मों में इलियाना की परफॉर्मेंस पसंद की गई थी।

बॉलीवुड में काम करने के चक्कर में इलियाना डिक्रूज को साउथ की फिल्मों में काम मिलना मुश्किल हो गया। इलियाना ने हाल ही एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की। इलियाना का इस बात को लेकर दर्द छलका कि न तो बॉलीवुड में उनका काम नोटिस किया गया और ना ही साउथ में खास मौके ही मिले। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने 'बर्फी' में काम किया, तो लोगों ने मान लिया कि अब वह साउथ की फिल्मों में काम नहीं करना चाहतीं। इस धारणा की वजह से उन्हें साउथ सिनेमा से फिल्मों के ऑफर मिलना बंद हो गए। इलियाना ने कहा, मैंने साउथ से बॉलीवुड में कोई शिफ्ट नहीं किया था। मैं बस एक हिंदी फिल्म कर रही थी क्योंकि मुझे 'बर्फी' की कहानी पसंद आई थी। यह एक अलग तरह की फिल्म थी। मैंने सोचा कि मुझे ऐसी फिल्म करने का दोबारा मौका नहीं मिलेगा। अगर मैंने इसे ठुकराया तो यह मेरी बेवकूफी होगी। मैं बस एक हिंदी फिल्म कर रही थी। ऐसा कुछ नहीं था कि मैं अपना बेस बॉलीवुड में शिफ्ट कर रही हूं, और फिर कभी साउथ की फिल्में नहीं करूंगी। लेकिन मुझे लगता है कि जब मैंने 'बर्फी' साइन की, तो लोगों ने यह अजीब धारणा बना ली कि ये तो अब बॉलीवुड जा रही है।



हॉलीवुड मसाला



# 'द सोशल...' का बनेगा सीक्वल

**मुंबई।** अमेरिकी लेखक, निर्माता और निर्देशक एरोन सॉर्किन ने 'द टाउन' पॉडकास्ट की लाइव रिकॉर्डिंग के दौरान पुष्टि की कि वह वर्तमान में 'द सोशल नेटवर्क' के किसी सीक्वल पर काम कर रहे हैं। बता दें कि फेसबुक के बनने की कहानी के बारे में फिल्म की पटकथा के लिए इन्होंने ऑस्कर जीता था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब वह फेसबुक से ही जुड़े किसी परियोजना पर काम कर रहे हैं। साक्षात्कार के दौरान सॉर्किन ने सोशल मीडिया कंपनी के हाल के वर्षों के बारे में कहा, 'देखो, मैं इसके बारे में लिखूंगा।' मैं 6 जनवरी के लिए फेसबुक को दोषी मानता हूं।




# इंस्टाग्राम की सबसे बदनाम ठग पर बनी डॉक्यूमेंट्री...

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक ठग आपको मिल जाएंगे। खुद को मशहूर बनाने के लिए और फॉलोअर्स जुटाने के लिए लोग किस हद तक गिर सकते हैं। इस बात को ऑस्ट्रेलियाई इन्फ्लुएंसर बेले गिब्सन ने साबित किया है। वही बेले गिब्सन जिन्हें कभी कॉस्मोपॉलिटन ने सबसे निडर और दिलचस्प महिला का खिताब दिया था। अब उनकी जिंदगी पर डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया गया है। बेले गिब्सन सोशल मीडिया के मशहूर नामों में से एक नाम है। साल 2013 की बात है, जब उन्होंने पूरी दुनिया के सामने खुद को कैंसर पीड़ित बताया था। इतना ही नहीं उन्होंने अपने फॉलोअर्स से यह भी साझा किया था कि वे एक सिंगल-मां हैं। दुनिया ने उनकी बात को सच मान लिया था। रातों-रात उनके लाखों फॉलोअर्स बढ़ गए थे।



# 'बाहुबली' का हिस्सा बनने वाली थीं

**नई दिल्ली।** पिछले साल आई मूवी खुफिया की चारु रवि मोहन आपको याद ही होंगी। इस किरदार में वामिका गब्बी ने ऐसा जबरदस्त काम किया था कि बहुत बार वो तब्बू जैसी मंझी हुई एक्ट्रेस पर भारी पड़ गई थीं। वामिका गब्बी जितने शानदार कैरेक्टर कर चुकी हैं, उतनी ही ज्यादा वो अपने बयानों के लिए भी जानी जाती हैं। एक बार वो भी नेपोटिज्म पर सवाल उठाते हुए बता चुकी हैं कि एक बड़े स्टार की बेटी के चक्कर एक मूवी से उन्हें निकाल दिया गया था। अब उनका एक और इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें वो बता रही हैं कि वो बाहुबली का हिस्सा बनने वाली थीं, लेकिन ये हो नहीं सका। वामिका गब्बी के इंटरव्यू की एक क्लिपिंग के मुताबिक वामिका गब्बी को बाहुबली में रोल ऑफर हुआ था।



# सोनू को कहा जाता है गरीबों का मसीहा

**मुंबई।** अभिनेता सोनू सूद को 'गरीबों का मसीहा' कहा जाता है। वे जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तमाम लोग उनसे मदद की गुहार लगाते हैं। इसके अलावा उनके निजी मोबाइल नंबर और वाट्सएप के जरिए भी लोग मदद मांगते दिखते हैं। बीते दिनों सोनू सूद का वाट्सएप ब्लॉक हो गया। इससे उन लोगों को काफी परेशानी हुई, जिन्हें अभिनेता से मदद की दरकार थी। हालांकि, सोनू का नंबर ब्लॉक होने के बाद मदद लेने के लिए लोग उनके घर पहुंच गए। किसी गरीब का उपचार कराना हो या किसी को अन्य आर्थिक मदद की जरूरत हो, सोनू सूद के पास बात पहुंचने पर वे तत्काल तैयार रहते हैं। हाल ही में उनका व्हाट्सएप बंद कर दिया गया था। करीब 61 घंटों के बाद उनके अकाउंट को दोबारा शुरू कर दिया गया।

टीवी मसाला

# पुरानी यादों में खोई दिखीं मौनी

**मुंबई।** टेलीविजन की दुनिया में मौनी रॉय अपनी खूबसूरती के साथ-साथ बेहतरीन अदाकारी के लिए भी मशहूर हैं। मौनी रॉय महज 19 साल की थीं जब उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में अपना कदम रखा था।



अभिनेत्री ने एकता कपूर के लोकप्रिय शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से टेलीविजन में डेब्यू किया था। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान मौनी पुरानी यादों में खोई दिखीं। मौनी रॉय पुराने दिनों को याद करते हुए कहती हैं, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्टिंग में अपना करियर बनाऊंगी। उन दिनों गर्मी की छुट्टियां चल रही थी। मैं अपने कॉलेज के बाहर टहल रही थीं, तभी किसी ने मेरे कंधे को थपथपाया और मुझ से पूछा कि क्या मैं एक सीरियल के लिए ऑडिशन देना चाहूंगी'। 'मैंने यूं ही हां कर दिया और ऑडिशन देने के लिए तैयार हो गई। मैंने सोचा था छुट्टियों में यह काम करके देखती हूं, कैसा लगता है'। मौनी रॉय ने तब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के लिए ऑडिशन दिया था और वे शो में अगली पीढ़ी के बच्चों के रूप में शामिल हो गईं। इसके बाद मौनी रॉय ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज वे टीवी इंडस्ट्री की बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं।

## 'कृष्णा मोहिनी' में देबात्मा निभा रहीं खास रोल

**नई दिल्ली।** शो 'शौर्य और अनोखी की कहानी' में अनोखी भल्ला के किरदार से लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस देबात्मा शाह अब कलर्स टीवी के शो 'कृष्णा मोहिनी' में कृष्णा के रोल में नजर आएंगी। उन्होंने कहा, 'शो एक मजबूत कहानी लेकर आया है जिसकी कई परतें हैं।' फहमान खान और देबात्मा शाह 'कृष्णा मोहिनी में एक साथ नजर आएंगे। इसका प्रीमियर सोमवार 29 अप्रैल को हुआ। शो के ट्रेलर ने अपनी मजबूत कहानी से दर्शकों को आकर्षित किया है। देबात्मा शाह ने अपनी भूमिका के बारे में कहा, 'शो में 'कृष्णा' मोहन की 'सारथी' है। वह एक जिम्मेदार लड़की है और बहुत मासूम भी है। वह समझदार और मेहनती है। उसका जीवन अपने भाई की देखभाल के इर्द-गिर्द घूमता है, लेकिन उसके भाई के बारे में एक बड़ा रहस्य है, जिसके बारे में वह नहीं जानती।'



# किसानों से चंदा लेकर बनी थी फिल्म 'मंथन'



**नई दिल्ली।** आजकल के दौर में एक फिल्म बनाने में मेकर्स कई सौ करोड़ का खर्चा कर दे रहे हैं। वहीं एक समय था जब एक फिल्म बनाने के लिए मेकर्स ने लोगों से चंदा लिया था। इस फिल्म को चंदा लेकर कुछ लाख रुपए में बनाई गई, लेकिन फिल्म सुपरहिट रही और खूब कमाई की। यहां बात हो रही है 1976 में रिलीज हुई फिल्म मंथन की। खबरों के अनुसार मई में आयोजित होने जा रहे 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में श्याम बेनेगल की फिल्म मंथन को दिखाया जाएगा। 'मंथन' एकमात्र इंडियन फिल्म है, जिसे इस साल फेस्टिवल के कान्स क्लासिक सेक्शन के तहत सेलेक्ट किया गया है।

## मिले दो नेशनल अवार्ड

श्वेत क्रांति यानी दुग्ध क्रांति पर आधारित इस फिल्म को बनाने के लिए 5 लाख किसानों ने चंदा दिया था। खबरों के अनुसार, 5 लाख किसानों ने 2-2 रुपए चंदे के तौर पर दिया और इस चंदे की राशि से फिल्म बनी. फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसे एक नहीं बल्कि 2-2 नेशनल अवॉर्ड मिले हैं।इस फिल्म ने 1977 में हिंदी में बेस्ट फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और बेस्ट स्क्रिप्टिंग के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता था।

# कंतारा-2 उड़ा देगी होश

## जंगल में तैयार किया सेट

*नई दिल्ली। होम्बले फिल्म्स बिना किसी शक इंडियन सिनेमा में सबसे बड़ा प्रोडक्शन हाउस है। इस लीडिंग प्रोडक्शन हाउस ने अपने बैनर तले केजीएफ चैप्टर 2, कंतारा- ए लीजेंड और प्रभास-प्रशांत नील की 'सलार पार्ट 1: सीजफायर' जैसे ब्लॉकबस्टर के साथ इंडियन सिनेमा को बढ़ावा दिया है। उनका अगला सबसे बड़ा प्रोजेक्ट, 'कंतारा- चैप्टर 1' है, जिसका फैंस और दर्शकों को बड़ी उम्मीदों के साथ बेसब्री से इंतजार है। फिल्म से जुड़े हर नए अपडेट के साथ जनता में उत्साह बढ़ रहा है। हाल ही में आए नए अपडेट के मुताबिक फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। इसमें 20 दिन का शेड्यूल है। इस शेड्यूल में टीम जरूरी हिस्सों को जंगलों में शूट करेगी और यह खूबसूरत कुंडपुरा के कोस्टल रीजन में शूट होगा जो फिल्म की कहानी से मैच करेगा। 200 गुणा 200 फीट का एक विशाल सेट बनाया गया है और कुंडापुरा के निर्माण के लिए मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद से 600 बढ़ई और स्टंट मास्टर्स को काम पर रखा गया है।*



*मुंबई। इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' दर्शकों को खूब पसंद आई है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा के बेहतरीन अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। यह अमर सिंह चमकीला पर आधारित एक बायोपिक फिल्म थी। अब इम्तियाज ने खुलासा किया कि वह एक प्रेम कहानी बनाना चहते हैं। यह प्रेम कहानी राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। हालांकि राधा-कृष्णा की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाने की बात को इम्तियाज 2018 में ही कह चुके हैं।*

# 'राधा-कृष्ण' की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाएंगे इम्तियाज अली

एक इंटरव्यू के दौरान इम्तियाज ने कहा, 'मैं राधा-कृष्ण पर फिल्म बनाना चाहता हूं। मैं उनकी कहानियों और पौराणिक कथाओं से बहुत प्रभावित हूं। लेकिन इसके लिए पहले मैं खुद को उस पद पर लाना चाहता हूं, ताकि मैं एक बेहतरीन फिल्म



बना सकूं। मुझे जरूरत है ऐसे दो किरदारों की जो राधा और कृष्णा के चरित्र को निभा सकें।' इम्तिजा ने आगे कहा, 'वह चाहते है कि यह फिल्म बनें और लोग इसके लिए दुआ करें, जो लोग इस फिल्म को देखना चाहते हैं। हो सकता है कि मैं उनकी दुआओं की वजह से ही यह फिल्म बना सकूं।' इम्तियाज की राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म में कौन अभिनय करेगा यह अभी तय नहीं हुआ है। फिलहाल, अभी स्क्रिप्ट पर ही काम चल रहा है।

***2018 में की थी फिल्म बनाने की घोषणा :*** दरअसल, इम्तियाज अली ने 2018 में जन्माष्टमी के मौके पर राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाने की घोषणा इंस्टाग्राम पर की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं हमेशा से ही राधा-कृष्णा की पौराणिक प्रेम कथा से प्रभावित रहा हूं। सभी भारतीयों के लिए ऐसी कोई और दूसरी कहानी नहीं होगी, जो कि उनके दिलों के करीब हो। मेरा सपना है कि मैं राधा-कृष्णा की दुनिया में पहुंच सकूं।' आगे इम्तियाज ने लिखा, ''इस प्रेम कहानी को रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर बनाया जाएगा।

# लौट आया है बाहुबली

## राजामौली ने दिखाई पहली झलक



**मुंबई।** लौट आया है वो सबको अपने खून से रंगने। दिलों को दहलाने वाला और दिलों पर राज करने वाला बाहुबली। निर्देशक एस.एस राजामौली की फिल्म बाहुबली दर्शकों के दिलों पर इस कदर बस गई है कि वह आज भी इस फिल्म के तीसरे पार्ट का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। इस फिल्म का पहला पार्ट 'बाहुबली: द बिगनिंग' साल 2015 में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को इतनी पसंद आई की कई महीनों तक सिनेमाघरों में देखी गई। इसके बाद इस फिल्म का दूसरा पार्ट 'बाहुबली 2 द कॉन्क्लूजन' साल 2017 में आई और इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े। अब निर्देशक राजामौली फिल्म बाहुबली की एनिमेटेड सीरीज लेकर आ रहे हैं।

***बाहुबली द क्राउन ऑफ ब्लड :*** *निर्देशक एस एस राजामौली ने अपने सोशल मीडिया उकाउंट पर एक पोस्ट जारी कर इस सीरीज की घोषणा दी है। इस सीरीज का नाम है 'बाहुबली द क्राउन ऑफ ब्लड'। यह एक एनिमेटेज सीरीज है। इस फिल्म की क्या कहानी होगी और इसके कलाकार कौन होंगे, अभी इस बात से पर्दा नहीं उठाया गया है। इसमें कौन से कलाकारों की आवाज और लुक को दिखाया जाएगा ये कहना मुश्किल होगा, लेकिन 'बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड' की अनाउंसमेंट के बाद फैन्स काफी उत्साहित हैं और इसकी कहानी जानने के लिए भी बेताब हैं।*

## खबर संक्षेप



## योग शिविर में प्रतिभागियों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

**अम्बिकापुर।** जिपं सीईओ नूतन कुमार कंवर के मुख्य आतिथ्य एवं अपर कलेक्टर अमृत लाला ध्रुव की अध्यक्षता में श्री श्री गुरूकुलम में आयोजित योग शिविर में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के अजय तिवारी ने अपने प्रतिवेदन में कहा कि सरगुजा संभाग के लगभग 40 सेवा योद्धा प्रतिभागी इस शिविर में योग गुरू के रूप में भाग ले रहे हैं। जिपं सीईओ कंवर ने कहा कि योग का जितना महत्व स्वस्थ शरीर के लिए होता है, लोकतंत्र की मजबूती के लिए उतना ही महत्व हर मत का होता है। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर शत-प्रतिशत मतदान हेतु अपना सहयोग प्रदान करें। अपर कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करें साथ ही अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीता दास व आभार प्रदर्शन जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता ने किया। इस दौरान रजनीश, महिमा, शालिनी, प्रीति, कमलेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## यात्री प्रतीक्षालय में लोगों को दिया गया गुड व पानी



**प्रतापपुर।** स्काउट गाइड प्याऊ जल व्यवस्था के तहत यात्री प्रतीक्षालय बस स्टैंड में शाउमा.विद्यालय करसी के स्काउट, रोवर द्वारा विकासखण्ड सचिव प्रेम सिंधु, सिंधु मिश्रा, रोवर लीडर विनय कुमार तिवारी, प्रभारी राजेश कुमार तिर्की की उपस्थिति में यात्रियों को गुड के साथ पानी पिला कर तपती धूप मे प्यास बुझाया गया। इस पुनीत कार्य में राजघराना होटल के संचालक राजेश गुप्ता द्वारा गुड की व्यवस्था किया गया। आज यात्री प्रतीक्षालय में बड़ी संख्या में लोगों गुड का आनंद लिया। ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों व यात्रियों के लिए भीषण गर्मी में सराहनीय पहल है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों व अध्यापकों ने निकाली मतदाता जागरूकता बाइक रैली

**अम्बिकापुर।** इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ.रामनारायण खरे के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली। रैली में महाविद्यालय के यूजी एवं पीजी की छात्र-छात्राए, एनएसएस, स्वयंसेवक, रेडरिबन, स्वीप कैंपस, एम्बेसडर, कर्मचारी विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इंजीनियरिंग कॉलेज से शुरू बाइक रैली ने डिगमा, सरगंवा, प्रतापपुर नाका, गुदरी चौक, सदर बाजार, घड़ी चौक, गांधी चौक, अम्बेडकर चौक से साईं बाबा कॉलेज होते हुए इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में शामिल लोगों ने नारा लगाकर शहरवासियों को 7 मई को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया। अंत में प्राचार्य डॉ.खरे ने सभी को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलायी। इस दौरान यातायात शाखा से सहायक उपनिरीक्षक कुंदन राम मिंज, आरक्षक लालमन सिंह, महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी डी कोसले, एनएसएस प्रभारी डॉ.विजय कुमार द्ववेदी, डॉ.रोबिन थॉमस, श्रीमती जैस्मिन मिंज, डॉ.केतन चौरसिया, डॉ.एचआर सूर्यवंशी, श्रीमती पूनम दीवान, डॉ.आरके साहू, प्रेमशंकर तिवारी, अंकित राज निराला, डॉ.एच चंद्रा, पियूष राय आदि उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### अधिकारी-कर्मचारी लोगों...

अनिवार्य तौर पर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत पिछले निर्वाचन में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता में लेकर प्रत्येक मतदाता से संपर्क बनाया जा रहा है। उन्हें मतदान के लिए शपथ भी दिलाई जा रही है। तेज गर्मी के बावजूद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मैदानी कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से मतदाताओं को जागरूक करने में जुटे हुए हैं। आम मतदाताओं का उत्साह देखकर यह आशा है कि आने वाले लोकसभा निर्वाचन में कोरिया शत-प्रतिशत मतदान कर अपनी अलग पहचान बनाएगा।

### तीन महीने पूर्व से चल रहा शेड एवं सौंदर्यीकरण का कार्य

# रेलवे स्टेशन परिसर में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण एवं प्लेटफार्म पर शेड निर्माण की धीमी गति के के कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। जिस रफ्तार से स्टेशन के सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है इसके पूरा होने में लम्बा समय लग सकता है। अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन से ट्रेनों का संचालन शुरू हुए 16 वर्ष गुजर गए हैं लेकिन अभी स्टेशन में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। प्रदेश की राजधानी रायपुर सहित अन्य राज्यों के लिए ट्रेन चलाने की वर्षों से चल रही मांग का निराकरण होना तो दूर अभी तक प्लेटफार्म पर आवश्यकता के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध हैं। लम्बे इंतजार के बाद रेलवे ने गतिशक्ति योजना के तहत प्लेटफार्म पर यात्रियों की सुविधा के लिए शेड निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। योजना के तहत 5.3 करोड़ की लागत से पिछले तीन महीनों से विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विपरीत मौसम में यात्रियों की असुविधा को देखते हुए प्रारम्भ से ही प्लेटफार्म पर शेड निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्रारम्भ से ही प्लेटफार्म के मध्यम में बने दो शेड से काम चलाया जा रहा था। मंत्रालय की स्वीकृति मिलने के बाद ठेकेदार ने दोनों तरफ 3-3 शेड का निर्माण कर दिया है लेकिन अभी शेड के विद्युतिकरण सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार नहीं हो सका है। शेड में यात्रियों के बैठने के लिए कुर्सी सहित लाइट-पंखा लगाने का इंतजार किया जा रहा है। योजना का क्रियान्वयन एवं नियंत्रण रायपुर मुख्यालय से होने के कारण रेलवे के स्थानीय अधिकारी विकास कार्यों के संबंध में कुछ भी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। चर्चा है कि चुनाव की अधिसूचना प्रभावी होने के कारण रेलवे ने ठेकेदार का भुगतान रोक दिया है जिसका प्रभाव निर्माण कार्यों पर पड़ रहा है तथा निर्माण कार्यों में गति धीमी पड़ गई है। अधिकारी चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद ही विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जता रहे हैं।

**खास बात**

- मिली है 5 .3 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति



स्टेशन परिसर में नाली निर्माण करते मजदूर।

**पार्किंग निर्माण अधूरा**

यात्रियों की सुविधा के लिए योजना के तहत स्टेशन परिसर में अलग-अलग स्थानों पर वाहनों के पार्किंग की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए कार, ऑटो एवं दोपहिया पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थानों पर स्थल चिन्हांकित किया गया है। पार्किंग के लिए शेड निर्माण के बाद आगे के विकास कार्य रूक गए हैं जब तक पार्किंग का निर्माण पूरा नहीं होता स्टेशन के सामने की सड़क कार व आटो की पार्किंग बनी रहेगी। मालूम हो कि स्टेशन पर कार व आटो पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण ट्रेनों के पहुंचने के पूर्व स्टेशन परिसर की सड़क बेतरतीब तरीके से आटो व कारों के खड़े होने के कारण जाम हो जाती हैं जिससे यात्रियों का पैदल बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। रेलवे पुलिस की सख्ती के बावजूद स्थिति में कोई बदलाव नहीं आ सका है।

**सड़क चौड़ीकरण के लिए इंतजार**

गतिशक्ति योजना के तहत रेलवे ने राष्ट्रीय राजमार्ग से स्टेशन परिसर तक के संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान की है। प्रारम्भ में टू लेन सड़क का निर्माण किया गया था। जिससे यात्री व वाहनों का आवागमन हो रहा है। संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में अभी समय लगने की संभावना है। स्टेशन परिसर में स्वीकृत विकास कार्यों के पूरा होने के बाद ही संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य शुरू होने की संभावना है। स्टेशन परिसर के बाहरी हिस्से में सौंदर्यीकरण का कार्य अभी प्रारम्भ नहीं हुआ है। परिसर में पानी निकासी के लिए नाली निर्माण का कार्य धीमी गति से चल रहा है। मजदूरों की कमी एवं अधिक मजदूरी को भी विकास कार्यों में बाधा माना जा रहा है।

**नियंत्रण रायपुर से**

गतिशक्ति योजना के तहत स्वीकृत विकास कार्यों का नियंत्रण रायपुर मुख्यालय से होता है। स्टेशन प्रबंधन की निर्माण कार्यों में कोई भूमिका नहीं है।

-राकेश रंजन, स्टेशन मास्टर




भजन-कीर्तन करती महिलाएं।

## श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में भजन संकीर्तन

**मनेन्द्रगढ़।** नगर के सबसे प्राचीन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रति शनिवार विश्व कल्याण की मंगल कामना को लेकर सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया जाता है। उपरोक्त सभी आयोजन में वार्ड की महिलाओं के साथ ही साथ नगर सभी वार्डों के श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल होते हैं।

इस शनिवार को भी मंदिर में उपरोक्त आयोजन के मध्य नजर भव्य तैयारी की जा रही है। श्री हनुमान मंदिर से जुड़ी श्रीमती लक्ष्मी जायसवाल ने बताया कि वार्ड क्रमांक 12 सीएमओ बंगला के सामने अति प्राचीन श्री संकट मोचन हनुमान जी का मंदिर है। यहां रोजाना पूजा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, इसके साथ ही साथ प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। सभी योजना में क्षेत्र के श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल होते हैं। आगामी शनिवार को श्री हनुमान मंदिर में शाम 5 बजे से भजन-कीर्तन आयोजित किया जाएगा। आयोजन को भव्य रूप देने श्रीमती लक्ष्मी जायसवाल, सविता पांडे, पिंकी जायसवाल, देवी पाठक, राजकुमारी पाठक, माया कश्यप, चंदा देवी अग्रवाल, सहित सभी श्रद्धालु महिलाएं सक्रिय हैं। प्राचीन श्री हनुमान मंदिर का नवीनीकरण का कार्य भी जोरों से चालू है, जो श्रद्धालु श्री हनुमान मंदिर जी का गुंबद निर्माण में सहयोग करना चाहते हों, वे श्रीमती लक्ष्मी जायसवाल से संपर्क कर सकते हैं।



हनुमान जी की मूर्ति।

## 7 मई को मताधिकार का प्रयोग करने की अपील



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं सीईओ जिला पंचायत डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अंतरराष्टीय श्रमिक दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत जनकपुर में मनरेगा अंतर्गत निर्माण कार्य स्थल पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.पन्ना ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 100 दिवस पूरे करने वाले 15 उपस्थित श्रमिकों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

स्वीप आधारित जन जागरूकता लाने तथा 7 मई को मताधिकार का प्रयोग करने उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। सीईओ श्री पन्ना ने मजदूरों के महत्व को बताते हुए कहा कि राष्ट निर्माण में श्रमिकों का बड़ा योगदान है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र राजवाड़े, तकनीकी सहायक होरीलाल बरगाह, क्षितिज सिंह, रोजगार सहायक जय प्रताप, गुलाब सिंह, अभिनिश कुमार, सूर्यभान, सुरेन्द्र सिंह सहित काफी संख्या में मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।



## पुलिस ने 6 हजार 269 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर वसूले 19 लाख 46 हजार समन शुल्क

**सूरजपुर।** पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देशन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तथा सड़क हादसों से बचाव के लिए लोगो को जागरूक करने के साथ ही यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। अप्रैल माह में जिले की पुलिस ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले 6 हजार 269 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 19 लाख 46 हजार 3 सौ रूपये समन शुल्क वसूल किया है। एएसपी संतोष महतो के मार्गदर्शन में थाना-चौकी प्रभारी सहित यातायात पुलिस द्वारा पिछले माह विभिन्न चौक-चौराहों, अंतर्राज्यीय व जिले की सरहदी क्षेत्र स्थित बैरियर में सघन वाहन जांच अभियान चलाकर 6 हजार 269 वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, बिना सीट बेल्ट, दो पहिया वाहन में तीन सवारी व बिना दस्तावेज एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर 19 लाख 46 हजार 3 सौ रुपए समन शुल्क अर्जित कर शासन के कोष में जमा किया। यातायात प्रभारी बृज किशोर पाण्डेय ने वाहन चालकों से जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित बनाने में पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करें तथा नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं देने और परिवहन विभाग से वाहन चलाने का वैध लाइसेंस बनवाने की बात कही।

## सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता श्रीमती ऊषा राय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारी वीरेन्द्र पाल 30 अप्रैल को अपनी सेवा की अर्द्धवार्षिकी पूरी की, इनके स्वागत सम्मान में 2 अप्रैल को प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यालय परिवार की ओर से विदाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राचार्य श्री गुप्ता के साथ वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सी सिंह एवं पी सिंह के द्वारा सेवानिवृत्त महानुभावों को पुष्प गुच्छ व शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की ओर से अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया। इस अवसर पर सी सिंह, पी सिंह, के सोनवानी, मीनाक्षी जायसवाल के द्वारा उद्बोधन के साथ-साथ विदाई गीत प्रस्तुत किए। वहीं शाहिस्ता अंजुम अली, सुमन गुप्ता, ए शर्मा, विपिन कुमार मिश्रा, नंदलाल सोनी, संजय यादव ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एएल गुप्ता द्वारा दोनों सेवानिवृत्त सदस्यों को उनके सफलता पूर्वक किए गए गए कार्यकाल के अनुभव को साझा किए और उनके दीघार्यु, स्वस्थ जीवन की कामना की।

विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य द्वारा दोनों अतिथियों को एक विशेष भेंट उपहार देकर सम्मानित किया गया। विदाई सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त व्याख्याता श्रीमती यू राय एवं वीरेन्द्र पाल के परिजन के साथ-साथ विद्यालय परिवार से श्रीमती सी सिंह, पी सिंह, सुमन गुप्ता, एसए अली, आरएल गौतम, के शिवहरे, मीनाक्षी जायसवाल, स्वीटी मिश्रा, विपिन मिश्रा, जेपी नायर, अनुराधा सोनपाकर, के सोनवानी, रीना जगत, फगनी बाई, अल्फा वरवा, संजय यादव, एनएल सोनी, एन दिवाकर, सविता सिंह, पी त्रिवेदी, अनुश्रीदेव, एस बानो, विवेक पांडेय, राकेश देवांगन, सपना दुबे, सोमेश कौसिक, आशीष चंदेल, नीलिमा, विनीता, घनश्याम, शीलवंती सहित अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता आरएल गौतम द्वारा किया गया।




सेवानिवृत्त पर कर्मचारी का सम्मान करते प्राचार्य।

## सहकारी बैंक कर्मियों की लापरवाही से खातेदार हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अक्सर देरी से बैंक पहुंचते हैं कर्मचारी व अधिकारी

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा बिश्रामपुर के मैनेजर सहित बैंक स्टॉफ के मिस मैनेजमेंट के कारण पिछले तीन माह से ग्राहकों की परेशानी बढ़ गई है।बैंक खोलने के समय से लेकर ग्राहकों से दुर्व्यवहार व काम में लेट लतीफी करने से उपभोक्ता परेशान हैं।बुधवार एक मई को बैंक शाखा में सवा ग्यारह बजे तक बैंक मैनेजर सहित अन्य स्टॉफ के अनुपस्थिति के कारण बैंक का कामकाज शुरू नहीं हो सका था जबकि बैंक में बड़ी संख्या में ग्राहक लेनदेन के लिए पहुंचे हुए थे। पौन घंटे के इंतजार के बाद मैनेजर सहित अन्य कर्मियों के पहुंचने के बाद बैंक का कामकाज शुरू हुआ। यहां पर बैंक पहुंचे ग्राम कुरवां निवासी श्याम नारायण शर्मा, कटिंदा चंद्रमेंढा निवासी रामचरित्तर रजवाड़े, कमलेश रजवाड़े, पेंडरखी निवासी पांडेय राम, कुरवां निवासी सुरेश सिंह, सलका निवासी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि बैंक खुलने का समय साढ़े दस बजे से साढ़े पांच बजे निर्धारित है लेकिन प्रबंधन के कर्मचारी व अधिकारी अपनी सहूलियत के हिसाब से बैंक पहुंच रहे है ,निर्धारित समय से पौन घंटे विलंब से शाखा का कामकाज संचालित करने से उपभोक्ता परेशान हो गये हैं। इसके अतिरिक्त दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए उपभोक्ताओं को बैंक कर्मियो द्वारा अत्यधिक भीड़ होने का हवाला देते हुए है दूसरे दिन आने की बात कह दी जाती है।




**न्यूरो ओ.पी.डी.** प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
**डॉ. हर्षित मिश्रा**
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 11 मई 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैंकुण्ठपुर
मो. 9425255110, 9425269110

## कालोनियों के खुले टैंक में आए दिन मवेशी गिरकर हो रहे घायल, अनेक की हो चुकी है मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के आवासीय कालोनियों के पीछे खुले सेफ्टी टैंक में आए दिन मवेशियों के गिरने से घायल हो जा रहे हैं, इनमें से कई मवेशीयों की मौत भी हो जा रही है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उक्त गंभीर समस्या से श्रमवीरों को राहत दिलाने कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से लोगों में नाराजगी व्याप्त है। गौरतलब है कि एसईसीएल के अधिकांश आवासीय कालोनियों में सेफ्टी टैंक की स्थिति इन दिनों मरम्मत कार्य के अभाव में काफी दयनीय हो गई है। क्षतिग्रस्त टैंक में आए दिन गौ वंश गिरकर या तो गंभीर रूप घायल हो रहे हैं या फिर उनकी मौत हो जाती है। ऐसी स्थिति में कालोनीवासियों को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि यहां पर कालोनियों के टैंक क्षतिग्रस्त होने की वजह से दो महीने में दर्जन भर मवेशी क्षतिग्रस्त सेफ्टी टैंक में गिरकर घायल हुए या फिर उनकी मौत हो चुकी है। समय पर सूचना मिलने पर नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा उक्त टैंक में गिरे मवेशियों को निकालने की कार्यवाही करती है। कुछ मवेशी तो सेफ्टी टैंक में ही जानकारी के अभाव में सड़ गल जाते हैं और दुर्गन्ध आने के बाद कॉलोनी के लोगों द्वारा सूचना दी जाती है। एक मई को ही नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक पांच में स्थित क्षतिग्रस्त सेफ्टी टैंक में गिरकर एक मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसे नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा काफी मशक्कत के बाद बाहर निकलवाया गया। क्षतिग्रस्त सेफ्टी टैंक के मरम्मत कार्य को लेकर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा मौन धारण कर लिए जाने से जहां एक उनकी कार्य शैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर आमजन में उक्त उदासीनता से काफी नाराजगी व्याप्त है।



Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411